## धोखाधड़ी का फरार आरोपी गिरफ्तार

### एक ही प्लॉट की कई लोगों को कर दी रजिस्ट्री बैंक से लोन लेकर भी किया फर्जीवाड़ा

**सिवनी, देशबन्धु ।** डूंडा सिवनी थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में लंबे समय से फरार आरोपी निखिल शुक्ला को मंगलवार रात धरदबोचा।



**एक ही प्लॉट की कई रजिस्ट्री कर ठगी** - यह मामला साल 2024 का है। 23 सितंबर 2024 को लुघरवाड़ा निवासी महेंद्र पाल सिंह भाटिया ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी निखिल शुक्ला और अखिल शुक्ला ने जंगदबा सिटी में एक ही प्लॉट और मकान को अलग-अलग लोगों को बेच दिया।

**बैंक से भी ले लिया लोन**- आरोपियों ने इसी प्लॉट और मकान के नाम पर बैंक से लोन भी लिया। साथ ही प्रार्थी के साथ भी समझौता कर धोखाधड़ी की गई। मामले में पहले धारा 420 और साजिश से जुड़ी धाराओं में केस दर्ज हुआ था।

जांच के दौरान पता चला कि आरोपियों ने एक ही संपत्ति के दस्तावेजों का कई जगह इस्तेमाल किया। इसके बाद मामले में जालसाजी से जुड़ी अन्य धाराएं भी जोड़ी गईं।

**एक आरोपी जमानत पर, दूसरा पकड़ा गया** - मामले में आरोपी अखिल शुक्ला पहले ही हाईकोर्ट से जमानत पर है, जबकि निखिल शुक्ला घटना के बाद से फरार था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे सिवनी से गिरफ्तार कर लिया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सहित कई पुलिसकर्मी शामिल रहे, जिनकी मदद से आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली।

## बेमौसम बारिश से सफाई व्यवस्था की खुली पोल, सड़कों पर गंदगी और घरों में घुसा पानी

**तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** नगर एवं आसपास क्षेत्र में बीती रात लगभग तीन बजे से रुक-रुक कर हुई झमाझम बारिश ने नगर परिषद की सफाई व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। बारिश के चलते विद्युत व्यवस्था भी रात्रि में बंद हो गई बेमौसम हुई इस तेज बारिश के चलते नालियों की सफाई की वास्तविक स्थिति सामने आ गई, जहां जगह-जगह जाम नालियों से गंदगी उफनकर सड़कों पर फैल गई। इससे पूरे नगर में गंदगी का माहौल बन गया और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



सुबह के समय मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं सहित दैनिक कार्यों के लिए निकलने वाले नागरिकों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सड़कों पर जलभराव और फैली गंदगी के कारण आवागमन बाधित रहा तथा कई स्थानों पर लोगों को कीचड़ और दूषित पानी से होकर गुजरना पड़ा। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि नगर के कई घरों में बारिश का पानी भी प्रवेश कर गया, जिससे घरेलू सामान को नुकसान पहुंचा और लोगों में चिंता का माहौल बन गया। इस घटना ने नगर परिषद की सफाई व्यवस्था और जल निकासी प्रबंधन पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों पहलाद साहू, छोटू केवट का कहना है कि यदि समय रहते नालियों की समुचित सफाई की गई होती, तो इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न नहीं होती। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचा जा सके। नगरवासियों को उम्मीद है कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे को संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई करेगा और नगर की व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाएगा।

## चलती कार में लगी आग

### दमकल वाहन पहुंचने के पहले जलकर हुई खाक

**सिवनी, देशबन्धु ।** कुरई थाना क्षेत्र के गण्डाटोला गांव के पास देर रात एक चलती कार में अचानक आग लग गई। घटना रात करीब 1 बजे की है। कार में सवार लोगों ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में पूरी कार उसकी चपेट में आ गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक कार लगभग पूरी तरह जल चुकी थी। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, जिससे आसपास के क्षेत्र में आग फैलने का खतरा टल गया।

घटना के बाद कुरई थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। आग लगने का प्रारंभिक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस वाहन मालिक के संबंध में जानकारी जुटा रही है, ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

**हादसे में कोई जनहानि नहीं** -शॉर्ट सर्किट या किसी तकनीकी खराबी को आग लगने का संभावित कारण माना जा रहा है, हालांकि इसकी पुष्टि जांच के बाद ही होगी। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है, लेकिन कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आसपास के लोगों से भी जानकारी एकत्र कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।

## सार-समाचार

### ग्राम श्रीनगर में स्वच्छता अभियान जारी

**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम श्रीनगर में ग्राम पंचायत द्वारा सघन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम पंचायत श्रीनगर द्वारा जानकारी दी गई है कि समग्र स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत श्रीनगर द्वारा पूरे ग्राम पंचायत क्षेत्र में सभी नालियों की एवं सार्वजनिक स्थानों की बृहद स्तर पर साफ सफाई कर काफी अरसे से पड़े कचरा गोबर कूड़ा आदि की साफ सफाई पूरी तल्लीनता से सफाई अभियान चलाया जा रहा है और सफाई की जा रही है। इस कार्य में ग्राम सरपंच प्रेम लाल मेहरा ग्राम सचिव रीझन सेन, सहायक सचिव प्रदीप यादव सहित समस्त पंचायत सदस्यों,ग्राम वासियों के सहयोग और पंचायत सदस्यों द्वारा कार्य संपादित किया जा रहा है।जिसकी ग्राम वासियों द्वारा सराहना की जा रही है।



### मक्का मदीना पहुंचे असलम बाबा

**छपारा, देशबन्धु।** कौमी एकता कमेटी के जिला अध्यक्ष असलम बाबा उमरा करने के लिए मक्का मदीना पहुंचे हैं। उन्होंने काबा शरीफ के सामने का एक वीडियो इस पत्र के संवाददाता को प्रेषित किया जहां उन्होंने अपने मूल्क अपना जिला और अपनी चाहने वालों के लिए नम आंखों से परवरदिगार की बारगाह में उनकी खुशहाली और कामयाबी की दुआ की है। असलम बाबा की उमरा यात्रा अल्लाह के हुक्म से कामयाब हो और आप अपने सफर के हर पल को बरकतों से भरपूर पाएं अल्लाह आपका उमरा कबूल फरमाए और आपकी नेकियों में इजाफा करें मक्का मदीना की यात्रा आपके लिए मगफिरत और बरकत का जरिया बने आमीन ।



### जिला स्तरीय पुस्तक व गणवेश मेला आज से

**सिवनी, देशबन्धु ।** म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिले में पालकों एवं अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ में आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेले का आयोजन किया जा रहा है।

यह मेला सिवनी नगर मुख्यालय स्थित शासकीय कन्या उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिवनी में 9 से 11 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। मेले में स्थानीय पुस्तक एवं स्टेशनरी विक्रेता, सह शैक्षणिक सामग्री तथा यूनिफॉर्म विक्रेताओं द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां छात्र-छात्राओं के लिए आवश्यक पुस्तकें, कॉपियां, यूनिफॉर्म एवं अन्य सामग्री उचित दरों पर उपलब्ध रहेगी।

## भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस



**छपारा, देशबन्धु ।** भारतीय जनता पार्टी मंडल छपारा ने स्थापना दिवस उत्साहपूर्ण मनाया। सर्वप्रथम भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। भारतीय जनता पार्टी का इतिहास एवं विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवनीत सिंह ने विस्तार से बताया तत्पश्चात पूर्व सांसद विधायक नीता पटेरिया भाजपा के विकास पर अपने विचार व्यक्त किया इसी तरह वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें अंत में सुनील दत्त पाठक द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

इस कार्यक्रम में नीता पटेरिया भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवनीत सिंह मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह नागेन्द्र सिंह राघवेंद्र पाठक राजेश जैन सोहन कश्यप ठाकुर धर्मेंद्र सिंह मुकेश मनमौजी चक्रेश सिंह धर्मेंद्र जैन जितेंद्र राजपूत जयसवाल मैडम दिनेश उईके सुनील गोयल मुकेश रजक कृपाल सिंह सुनील दत्त पाठक प्रदीप जैन अंकित सिंह शिवकुमार यादव ललित सोनी सिद्धार्थ सिंह सार्थक अग्रवाल बगरसी चंद्रवंशी सहित पार्टी पदाधिकाकरी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## पीएम आवास से वंचित लोगों ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

**छपारा, देशबन्धु ।** नगर परिषद क्षेत्र में पी एम आवास योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के मकानो का निर्माण जारी है।

किंतु आज भी बहुत से पात्र हितग्राही जो कच्चे खपरैल वाले मकान एवं झोपड़ियों में जीवन यापन कर रहे वह प्रशासनिक गड़बड़ी के चलते सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगा रहे है।

ज्ञात हो कि नगर परिषद छपारा अंतर्गत विगत वर्ष लगभग बारह से लेकर तेरह सौ हितग्राहियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था किंतु राजस्व विभाग द्वारा लगभग पचास प्रतिशत लोगों के दस्तावेज सही नहीं पाए गए या उनको जांच में लिया गया ऐसे प्रकरण 525 के आसपास थे उसमें से राजस्व विभाग के एस डी एम द्वारा 161 लोगों को क्लीन चिट देते हुए पात्र किया गया किंतु शेष 364 लोग आज भी अपात्र की श्रेणी में हैं।

वहीं कुछ ऐसे हितग्राही भी हैं जो हर दस्तावेज में पात्रता रखते है किंतु राजस्व विभाग की गड़बड़ी के चलते उनके मकान का ऑनलाइन नजरिए नक्शा कही और दिखा रहा हैं जबकि हितग्राही तीस से चालीस साल से उक्त स्थान पर निवास कर रहे हैं ऐसे व्यक्ति आवास योजना में अपना नाम नहीं आने से नगर परिषद कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं और प्रशासनिक गड़बड़ी के चलते उनको समझ नहीं आ रहा कि वह कहा जाए जिससे उनकी समस्या का समाधान हो जाए।



### राजस्व रिकॉर्ड की गड़बड़ी का मामला

दरअसल अपात्र हुए अधिकांश लोग जिनके पास आवश्यक दस्तावेज तो हैं साथ ही विगत 30 वर्षों से उस स्थान पर निवासरत हैं किंतु जब नगर परिषद एवं राजस्व अमला उपरोक्त भूमि पर आनलाइन उपलब्ध भूमि पर पहुंच कर जिओ टेग से सर्वेक्षण किया जा रहा है तो उस भूमि पर कोई मकान दर्शा ही नहीं रहा है, जिसे लेकर नगर के पीएम आवास योजना हेतु प्रयास कर रहे परिवारों द्वारा जिला सिवनी कलेक्टर शीतला पटले से राजस्व रिकॉर्ड हुई त्रुटिपूर्ण सर्वे को लेकर पुन: जांच एवं कार्यवाही किए जाने की अपील की जा रही है।

**दो पीढ़ी पिछले चालीस साल से निवास कर रही,आनलाइन नहीं दिखा रहा मकान** - नगर परिषद के कुम्हारी वार्ड निवासी पार्वती यादव पति स्व भगवान दास यादव 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला के द्वारा नगर परिषद छपारा में सभी आवश्यक दस्तावेजों को जमा किए गए सूची में नाम शामिल है वहीं नगर परिषद छपारा द्वारा सूचना दी गई कि उनकी भूमि पर डायवर्सन नहीं हुआ है सो महिला ने तहसील कार्यालय में संपर्क कर डायवर्सन के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई किंतु मौके पर जब राजस्व अमला एवं नगर परिषद पदस्थ अधिकारियों को आनलाइन मकान की मौजूदगी नहीं हो रही है।

वहीं आर्थिक रूप से अक्षम महिला जैसे तैसे अपने बच्चे के साथ निवासरत है उनका कहना है कि वह पिछले चालीस साल से उक्त स्थान पर रह रही है तो क्या कारण है जो प्रधानमंत्री पीएम आवास योजना 2.0 योजना के आनलाइन यू डब्लू पी पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज नहीं है ।

वहीं पार्वती यादव एवं उसके बेटे ने कहा कि आवास योजना में नाम आ जायेगा तो यहां वहां से और जुगाड़ कर रहने लायक मकान बना लेते किन्तु आवास योजना में नाम नहीं आने से वह बहुत निराश है वही मकान की जर्जर स्थिति के चलते आगामी बारिश में उनका घर शायद ही टीक पाएगा। अत: बुजुर्ग महिला और उनके बेटे ने जिला कलेक्टर से गुहार लगाई कि प्रशासनिक गड़बड़ी को दूर कर उन्हें उचित न्याय दिलाए।

## विश्व नवकार महामंत्र दिवस का आज, हजारों श्रद्धालु होंगे शामिल

**सिवनी, देशबन्धु।** विश्व स्तर पर मनाए जाने वाले विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर आज 9 अप्रैल, गुरुवार को सिवनी जिले में भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रातः 8:30 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है।

सिवनी जीतो चैप्टर से सुनील मालू द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि इस कार्यक्रम में देश ही नहीं बल्कि विश्व के 108 देशों के लाखों लोग एक साथ नवकार मंत्र का जाप करेंगे। साथ ही, इस भव्य आयोजन का 6000 मंदिरों एवं उपाश्रयों से सीधा प्रसारण भी किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु इस आध्यात्मिक कार्यक्रम से जुड़ सकेंगे।

सिवनी में भी इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है, वहीं 100 से अधिक मेगा इवेंट्स के माध्यम से इस दिन को विशेष रूप से मनाया जाएगा।

यह आयोजन जीतो जिला लेडीज विंग द्वारा सिवनी में स्थित दिगंबर जैन मंदिर के बाहुबली हॉल में आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति ने जिले के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, श्री नवकार महामंत्र (जिसे णमोकार मंत्र भी कहा जाता है) मानवता के लिए सबसे गहरा और पूजनीय मंत्र है। यह किसी वरदान की याचना नहीं, बल्कि गहन श्रद्धा का मंत्र है, जो उन आत्माओं को नमन करता है जिन्होंने आध्यात्मिक विकास की उच्चतम स्थिति प्राप्त की है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस मंत्र के नियमित जाप से मन को शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक बल प्राप्त होता है। इससे व्यक्ति के भीतर करुणा, सहनशीलता और आत्मज्ञान की भावना विकसित होती है। साथ ही, यह मंत्र तनाव को कम करने, पापों के नाश और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

इस पावन अवसर पर जीतो चैप्टर सिवनी द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों—सिवनी, बाल सुधारालय, छपारा, केवलारी, लखनादौन, घंसौर, धनोरा, पिंडरई, नैनपुर एवं बरघाट—में भी नवकार मंत्र का सामूहिक जाप आयोजित किया जा रहा है, जिससे पूरे जिले में धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण का संचार होगा।

आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर नवकार मंत्र के सामूहिक जाप में भाग लेने का आग्रह किया है, ताकि विश्व में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सके।

## दैनिक राशिफल

### गुरुवार 09 अप्रैल 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, बैशाख कृष्ण पक्ष की सप्तमी, नक्षत्र-मूल

मेष - आज के दिन आप थकान, आलस्य और चिंता का अनुभव करेंगे। आज आपमें ताज़गी और स्फूर्ति नहीं रहेगी। बात-बात में आपको गुस्सा आएगा।

वृषभ - आज आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत ना करें। खान-पान में विशेष ध्यान रखें।

मिथुन - आज के दिन आप मनोरंजन तथा आनंद-प्रमोद में व्यस्त रहेंगे। मित्रों तथा परिजनों के साथ आनंदित वातावरण में दिन गुजार सकेंगे।

कर्क - आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहने वाला है। परिजनों के साथ समय सुख से गुजरेगा। आवश्यक काम पर धन खर्च होगा। आर्थिक लाभ के लिए दिन अच्छा है।

सिंह - आज आपका शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज अपनी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसानी से पूरा कर पाएंगे। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे।

कन्या - आज समय अनुकूल नहीं है। कई बातों को लेकर आप को चिंता रहेगी, जिससे आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे।

तुला - आज का दिन भाग्यवृद्धि का रहने वाला है। भाई-बहनों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। किसी धार्मिक प्रवास का आयोजन हो सकता है। नए काम की शुरुआत के लिए दिन शुभ है।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी है। अनावश्यक खर्च पर अंकुश रखें। वाणी पर संयम रखने से परिवार में सुख-शांति बना पाएंगे।

धनु - आप शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थ्य का ध्यान रखें। आज आप निर्धारित काम कर सकेंगे। आर्थिक लाभ की प्राप्ति होगी। प्रवास की विशेषकर धार्मिक यात्रा की संभावनाएं हैं।

मकर - आज के दिन आपको सावधानीपूर्वक रहना होगा। आज व्यावसायिक कामों में किसी का हस्तक्षेप बढ़ेगा। खर्च सामान्य से अधिक रहेगा।

कुंभ - नए काम की शुरुआत के लिए आज का दिन अच्छा है। नौकरी तथा व्यापार में लाभ होने की संभावना है। मित्रों से लाभ मिल सकता है।

मीन - आपका दिन अत्यंत शुभ फलदायी है। आज आपके सभी कामों सफलता मिलेगी। अधिकारियों की कृपादृष्टि के कारण प्रसन्नता भरा दिन रहेगा।

## बुनियादी सुविधाओं का अभाव, पलायन को मजबूर ग्रामीण

**तेंदूखेड़ा, देशबन्धु ।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत इमलीडोल के आश्रित ग्राम जरुआ का हाल चिंताजनक है। यह गांव बिजली, पानी और पक्के सड़क मार्ग जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। गांव मुख्य मार्ग से लगभग 5 किलोमीटर दूर जंगली क्षेत्र में स्थित है। यहां तक पहुंचने के लिए जंगली मार्ग या कच्चे मार्ग से होकर जाना पड़ता है, जो गड्ढों और नालों से भरा है। इन कठिन रास्तों के कारण ग्रामीणों का आवागमन बेहद कठिन और जोखिम भरा है। पिछले वर्ष जरुआ ग्राम के लोगो ,ग्राम सरपंच एवं महिलाएं भी शामिल थीं, ने जिला कलेक्टर से मिलकर सड़क बनाने की मांग की थी। इसके लिए गांव के सरपंच और ग्रामीणों ने आवेदन किया था।



कलेक्टर ने नवंबर से सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक इस आश्वासन को पूरा नहीं किया गया। ग्रामीण इस स्थिति से निराश हैं और प्रशासन की अनदेखी को गंभीर समस्या मान रहे हैं। गांव के लोग बताते हैं कि यह स्थिति उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा बना रही है। पानी और सड़क जैसी सुविधाओं के अभाव में आधा गांव पलायन कर चुका है। जो लोग बचे हैं, वे कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं। जरुआ गांव में आदिवासी और यादव समाज के लोग अधिक हैं। यहां के लोग बताते हैं कि पानी की कमी और खराब आवागमन के कारण बच्चों की शादी करना भी मुश्किल हो गया है। कई परिवार अपनी बेटियों की शादी के लिए पहले दूसरे गांव में आवास बनाते हैं, फिर वहां शादी संपन्न होती है। यह स्थिति बताती है कि मूलभूत सुविधाओं के अभाव में ग्रामीण सामाजिक और पारिवारिक जीवन में भी बाधाओं का सामना कर रहे हैं। गांव में लगभग 20 साल पहले नाला पर एक रिपटा (पुल) बनाया गया था, लेकिन यह भी जर्जर हो चुका है। बारिश के समय रिपटा पानी में डूब जाता है और गांव लगभग टापू बन जाता है। इस दौरान आपातकालीन समय में किसी भी बीमार व्यक्ति तक पहुंचना लगभग असंभव हो जाता है। ग्रामीणों की माने तो यदि शासन और प्रशासन तुरंत संज्ञान न लें और मूलभूत सुविधाओं का विकास न करें, तो पलायन और सामाजिक असमर्थता और बढ़ेगी। बिजली, पानी, सड़क और आपातकालीन सुविधाओं की सख्त जरूरत है, ताकि जरुआ गांव के लोग अपने गांव में सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकें ।

### इनका कहना हैं

इस संबंध में सहायक यंत्री हरि कृष्ण राज का कहना है कि इमलीडोल से जरुआ की सड़क प्रधानमंत्री में स्वीकृत हो चुकी है शीघ्र ही टेंडर होने वाले हैं टेंडर के बाद सडक बनाने का काम शुरू होगा ।

**हरिकृष्ण राज सहायक यंत्री**
जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा

## संभव जैन के डॉक्टर बनने पर हर्ष

**तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** नगर के लिए यह अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है नगर के प्रतिभाशाली युवा डॉ. संभव जैन, पिता शरद जैन, ने भोपाल से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर अपने परिवार, समाज एवं समूचे नगर का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता ने न केवल उनके परिजनों बल्कि नगर के प्रत्येक नागरिक का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है। भोपाल में अपने निवास पर क्षेत्रीय विधायक एवं राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने भी डॉक्टर संभव जैन का स्वागत किया है और अपनी शुभकामनाएं दी हैं डॉ. संभव जैन की यह उपलब्धि उनके अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प और निरंतर समर्पण का प्रतिफल है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने जिस लगन और मेहनत से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया, वह युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास निरंतर हो, तो कोई भी बाधा सफलता के मार्ग में रुकावट नहीं बन सकती। नगरवासियों ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता की ऊंचाइयों को छूते रहें और अपने ज्ञान एवं सेवा भाव से समाज की सेवा करते हुए देश का नाम रोशन करें। डॉ. संभव जैन का यह सम्मान पूरे नगर के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

